Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding pay revision of employees of SAIL, Durg.

श्री विजय बघेल (दुर्ग): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय ।

माननीय अध्यक्ष जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र – दुर्ग, छत्तीसगढ़ के भिलाई में 60 वर्ष पूर्व भारत-रूस मैत्री के फलस्वरूप एशिया के एक श्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र का निर्माण हुआ था, जो सेल की सर्वश्रेष्ठ यूनिट के रूप में प्रख्यात है और वहां के कर्मचारियों-अधिकारियों की अथक मेहनत से लगातार ग्यारह बार प्रधान मंत्री ट्रॉफी जीत चुका है । दुर्भाग्य से वहां के कर्मचारियों की पे-रिवीजन का मामला वर्ष 2017 से लम्बित है । मैनेजमेंट से पूछने पर यह बताया जाता है कि एफोर्डेबिलिटी क्लॉज के कारण अभी तक यह पे-रिवीजन नहीं हुआ है । इसका मुख्य कारण यह है कि वह यूनिट तीन साल लगातार घाटे में रही है ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं बताना चाहता हूं कि इस प्लांट के घाटे में रहने के मुख्य कारण - सेल की गलत पॉलिसी, विस्तार परियोजना में होने वाली देरी और उधार में ली गई रकम का ब्याज हैं, जिसका प्रतिफल वहां के ईमानदार, मेहनतकश कर्मचारियों-अधिकारियों को भुगतना पड़ रहा है ।

अत: मैं शासन से, भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि पे-रिवीजन का निर्णय जल्द से जल्द लिया जाए और वहां के कर्मचारियों-अधिकारियों के अधिकार को उन्हें दें । मैं आपके माध्यम से यही निवेदन करता हूं । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री गिरीश भालचन्द्र बापट - उपस्थित नहीं ।

श्री महेश साहू ।